### एक नजर में

## श्री श्री 1008 श्री जगद्गुरू आदि शंकराचार्यजी का जन्मोत्सव 21 को धूमधाम से मनेगा

**रतलाम।** सर्व ब्राह्मण समाज के संयोजक पुष्पेंद्र जोशी ने बताया की प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 21 अप्रैल को प्रात: 9:00 बजे त्रिवेणी तट, रतलाम पर श्री सनातन धर्म सभा एवं महारुद्र समिति एवं सर्व ब्राह्मण समाज के संयुक्त तत्वावधान मे सनातन धर्म के पुन: स्थापक श्री श्री 1008 श्री जगतगुरु आदि शंकराचार्य जी का पूजन,अभिषेक ,हवन,आरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन होगा । समिति के अध्यक्ष अनिल झालानी, पंडित रामचंद्र शर्मा, नवनीत सोनी, रमेश व्यास, डॉ राजेंद्र शर्मा, मोहन भट्ट, लालचंद टांक, चेतन शर्मा, नर्मदशंकर भट्ट, श्रीमती रजनी व्यास, श्रीमती ताराबेन सोनी, श्रीमती भावना जोशी ने समस्त सनातन समाज से अपील की है कि सभी समाज जन अधिक से अधिक संख्या मे उपस्थित होकर धर्म लाभ लें ।

## रतलाम जिले में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों के लिए निरीक्षण कार्यक्रम तय

**रतलाम।** पी ओ डूडा अरुण पाठक ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों के तहत जिले के नगरीय निकायों में निरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। इस हेतु उपसंचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय हिमांशु भट्ट को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जो विभिन्न नगर परिषदों और नगरपालिकाओं का भ्रमण कर तैयारियों की समीक्षा करेंगे। रतलाम जिले के नगरीय निकायों में 9 अप्रैल को नगर परिषद धामनोद- सुबह 1:00 से 2:30 बजे तक, नगर परिषद सैलाना - दोपहर 3:00 से 4:30 बजे तक, नगर परिषद पिपलौदा - शाम 5:00 से 6:30 बजे तक, 11 अप्रैल को नगर निगम रतलाम -सुबह 10:00 से 1:00 बजे तक, नगर परिषद नामली - दोपहर 1:30 से 2:30 बजे तक, नगरपालिका जावरा - दोपहर 3:00 से 6:00 बजे तक, 12 अप्रैल को नगर परिषद बड़ावदा का-सुबह 10:30 से 12:30 बजे तक, नगर परिषद ताल का दोपहर 1:00 से 3:00 बजे तक, नगर परिषद आलोट का दोपहर 3:30 से 6:00 बजे तक निरीक्षण किया जाएगा।

## राज्य स्तरीय वार्षिक जैव-विविधता पुरस्कार-2025 के लिए प्रविष्टियों 20 तक भेज सकेंगे

**रतलाम।** प्रदेश में जैव-विविधता संरक्षण को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड द्वारा राज्य स्तरीय वार्षिक जैव विविधता पुरस्कार-2025 के लिये प्रविष्टियाँ 20 अप्रैल आवेदन कर सकते हैं। विभिन्न श्रेणियों में जैव-विविधता पुरस्कार के लिये जैव-विविधता स्वामित्व रखने वाले वन, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछली पालन, जल संसाधन विभाग और जैव-विविधता प्रबंधन समिति ग्राम पंचायत/जनपद पंचायत/नगर पंचायत/नगर पालिका/नगर निगम स्तर पर गठित जैव-विविधता प्रबंधन समितियाँ। संस्थागत (अशासकीय), व्यक्तिगत (अशासकीय), व्यक्तिगत (शासकीय) पहुंच एवं लाभ प्रभाजन के अधिकतम अनुबंध पहुंच एवं लाभ प्रभाजन की अधिकतम राशि श्रेष्ठ वनमंडल एवं श्रेष्ठ वनवृत्त के अंतर्गत विशिष्ट कार्य करने वाले अपनी प्रविष्टियाँ जमा कर सकते हैं। प्रविष्टियों का निर्धारित प्रारूप एवं अन्य जानकारियॉ बोर्ड की वेबसाईट www.mpforest.gov.in/mpsbb से डाउनलोड कर सकते है। जिन संस्था द्वारा राज्य स्तरीय वार्षिक जैव-विविधता पुरस्कार-2024 के लिये प्रविष्टियाँ भेजी है, वे पुन: आवेदन न करें।

## विजेता जावरा चैंपियंस और उपविजेता जावरा सुपर किंग्स रहा




**जावरा।** खो खो प्रीमियर लीग जावरा का समापन एवं पुरस्कार वितरण सरस्वती पुरम पहाडिया रोड पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं जैन युवक महासंघ प्रदेशाध्यक्ष अनिल दसेड़ा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष कीर्तिशरणसिंह, रेडक्रॉस सोसाइटी चेयरमैन वीरेंद्र सिसौदिया केवी, सरस्वती शिशु मंदिर समिती अध्यक्ष अजीत चतर, सरस्वती शिशु मंदिर समिती सचिव तन्मय सोनी, कोषाध्यक्ष शीतल चौरडिया के आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस प्रीमियर लीग में 120 खिलाडियों ने रजिस्ट्रेशन किया जो सारंगपुर, खाचरोद, उज्जैन, सुवासरा, जावरा, रतलाम, भोपाल, देवास, इंदौर के खिलाडियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जिसमें विजेता जावरा चैंपियंस एवं उपविजेता जावरा सुपर किंग्स रहा। बेस्ट अटैकर इंदौर के आदर्श तथा बेस्ट दीवार भोपाल के बलजीत को मिला। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट ईशान खाचरोद को दिया। कार्यक्रम के आयोजक अक्षत जैन ने सभी खिलाडियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षक संजय शर्मा, राहुल वर्मा, रविन्द्र सिसौदिया, शहीद हुसैन, शिवम यादव, अक्षय बैरागी, विजय बैरागी, योगेश यादव, आयुष पंडियार, हार्दिक कुंवारा, अजय राठौड़, प्रदीप पवार, अजय हरा, राहुल काकर, उदयराज सिंह, आदित्यआदि उपस्थित थे। संचालन अमित मोगरा ने किया तथा आभार व्यायाम शिक्षक विजय रावल ने माना।

# सदन से सड़क तक संग्राम : पुतला दहन, चूड़ियां और वॉकआउट







**नगर निगम सम्मेलन में बवाल, सावरकर टिप्पणी पर भिड़े भाजपा-कांग्रेस**

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** मंगलवार को आयोजित नगर निगम का साधारण सम्मेलन जमकर हंगामेदार रहा। शुरुआत से ही कांग्रेस पार्षदों ने लाइसेंस शुल्क वृद्धि समेत विभिन्न मुद्दों को लेकर विरोध जताया। चर्चा के दौरान स्थिति उस समय और तनावपूर्ण हो गई, जब एक कांग्रेस पार्षद द्वारा वीर सावरकर पर विवादित टिप्पणी कर दी गई। इस पर महापौर और भाजपा पार्षदों ने कड़ा विरोध दर्ज कराया।

कांग्रेस पार्षद मोहम्मद सलीम बागबान की टिप्पणी के बाद भाजपा और कांग्रेस पार्षद आमने-सामने आ गए। भाजपा पार्षदों ने माफी की मांग की, लेकिन कांग्रेस पार्षद इसके लिए तैयार नहीं हुए। विवाद बढ़ते-बढ़ते निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा मनोज शर्मा की आसंदी तक पहुंच गया, जिसके चलते करीब आधे घंटे तक बैठक स्थगित करनी पड़ी।

**बजट पेश, प्रस्तावों पर चर्चा**

कांग्रेस के वॉकआउट के बाद वर्ष 2026-27 का आय-व्यय पत्रक (बजट) प्रस्तुत किया गया, जिस पर भाजपा पार्षदों ने चर्चा की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की लाइसेंस शाखा में शुल्क वृद्धि, 30 वर्ष की लीज बढ़ाने और भूखंडधारियों की रजिस्ट्री से जुड़े प्रस्तावों पर भी विचार किया गया।

बैठक के बाद महापौर प्रहलाद पटेल के नेतृत्व में भाजपा पार्षदों ने नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। इसके जवाब में कांग्रेस पार्षदों ने भी सदन के बाहर सड़क पर पुतला जलाकर विरोध जताया। इस दौरान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे को चूड़ियां भेंट कर विरोध का अनोखा तरीका अपनाया। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा।

**कांग्रेस का वॉकआउट:** लगातार हंगामे के बीच कांग्रेस पार्षदों ने सम्मेलन से वॉकआउट कर दिया। इसके बाद सदन की कार्रवाई भाजपा पार्षदों की मौजूदगी में आगे बढ़ी।

**शुरुआत भी रही हंगामेदार:** सम्मेलन की शुरुआत भी विवाद के साथ हुई। विपक्षी पार्षद निगम अध्यक्ष की आसंदी के सामने जमीन पर बैठ गए, जिससे करीब आधे घंटे तक कार्यवाही बाधित रही।

**महिला पार्षदों के बीच तीखी नोकझोंक:** सम्मेलन दोबारा शुरू होने पर भाजपा की महिला पार्षदों ने कांग्रेस पार्षदों को चूड़ियां भेंट कीं। इसके जवाब में कांग्रेस पार्षद सावरकर से जुड़े दस्तावेज सदन में लहराने लगे, जिससे माहौल और गरमा गया। इसी दौरान एक महिला कांग्रेस पार्षद महापौर को चूड़ियां देने पहुंचीं, जिन्हें महापौर ने हाथ में लेकर फेंक दिया।

**स्थानीय मुद्दों पर भी उठी आवाज**

प्रश्नकाल के दौरान भाजपा पार्षद परमानंद योगी ने अपने वार्ड में बिना सूचना सीवरेज कार्य कराए जाने पर आपत्ति जताई। उन्होंने अधिकारियों पर पार्षदों को विश्वास में न लेने का आरोप लगाया। वहीं, पार्षद शक्तिसिंह राठौर ने पौधरोपण से जुड़े मुद्दे उठाए।

## रतलाम में नापतौल विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष में सर्वाधिक 50 लाख से अधिक राजस्व वसूली

**वित्तीय वर्ष मे 206 प्रकरण दर्ज कर किया अर्थदंड वसूल**

**रतलाम।** नियंत्रक नापतौल म.प्र. भोपाल और कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के पालन में प्र.सहायक नियंत्रक/निरीक्षक नापतौल विभाग भारत भूषण द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिला रतलाम के संस्था/दुकान के बांट, माप, तौलने और मापने के उपकरणों के सत्यापन/पुन: सत्यापन एवं मुद्रांकन से शुल्क के तौर पर कुल राजस्व 5069484 रूपये (पचास लाख उनसत्तर हजार चार सौ चौरासी रूपये ) प्राप्त किए गये। साथ ही संस्था/दुकान के नापतौल उपकरणों और पैकेज बंद वस्तुओं का निरीक्षण कर अनियमितताए पाये जाने पर कुल 206 अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किए।

वित्तीय वर्ष में निराकृत हुए अपराधिक प्रकरणों से अर्थदण्ड के रूप में कुल 2047200 रूपये (बीस लाख सेतालीस हजार दो सौ रूपये) वसूले गए, जो नापतौल विभाग रतलाम म.प्र. के में अब तक वसूले गए अर्थदण्ड में सर्वाधिक है । प्र. सहायक नियंत्रक/निरीक्षक नापतौल विभाग भारत भूषण ने संस्था/दुकान को निर्देशित किया है कि सभी तरह के नापतौल उपकरणों को नियमानुसार निर्धारित समयावधि में पुन:सत्यापन एवं मुद्रांकन करके ही उपयोग करे और नियमानुसार आवश्यक घोषणाओं वाले पैकेज बंद वस्तुओं को ही विक्रय हेतु रखे , साथ ही उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि नापतौल उपकरणों और पैकेज बंद वस्तुओं में अनियमितताएं पाये जाने पर कार्यालय को शिकायत करें ।

## ओव्हरलोड वाहनों पर चालानी कार्रवाई

रतलाम। जिला परिवहन अधिकारी जगदीश बिल्लौरे ने बताया कि जिला अंतर्गत सूखला (भूसा) का परिवहन करने वाले ओवरलोड वाहनों एवं अन्य मालवाहनों के विरुद्ध आज चालानी कार्यवाही कर 51 हजार समझौता शुल्क वसूल किया गया ।जावरा एवं बड़ावदा क्षेत्र में भूसा का परिवहन करने वाले वाहन चालानी कार्यवाही कर समझौता शुल्क राशि 23,500/- वसूल की गई। चालक द्वारा नियम विरुद्ध लाइसेंस की श्रेणी से भिन्न प्रकार का वाहन चलाने के कारण लाइसेंस क्रमांक के निलंबन की कार्यवाही की गई। हतनारा, सैलाना एवं पिपलोदा क्षेत्र में भूसा का परिवहन करने वाले वाहन के विरुद्ध चालानी कार्यवाही करसमझौता शुल्क वसूल की ।




## जल सुनवाई में 14 शिकायतों का हुआ निराकरण

**रतलाम।** जिलेभर में जलसुनवाई आयोजित कर पानी को लेकर शिकायत प्राप्त कर उनका निकराकरण किया जा रहा हैं। मंगलवार को 14 शिकायतों को शिविर में निराकरण हुआ। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निर्देशानुसार पी ओ डूडा अरुण पाठक के मार्गदर्शन में रतलाम जिले में 'स्वच्छ जल' अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। अभियान अंतर्गत मंगलवार को जिले के सभी 9 नगरीय निकायों में 'जल सुनवाई' आयोजित की गई । जल सुनवाई में कुल 14 शिकायतें प्राप्त हुई जिनका मौके पर ही निराकरण किया गया।

## डोडियार भारत आदिवासी पार्टी के रावटी ब्लॉक अध्यक्ष और कतीजा बने सचिव

**नवभारत न्यूज**

**रावटी/सैलाना।** पार्टी विस्तार के क्रम में भारत आदिवासी पार्टी ने जिले के रावटी के मेला ग्राऊंग में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया।

ब्लॉक अध्यक्ष पद के लिए सर्व सहमति से तंबोलिया निवासी जितेन्द्र सिंह डोडियार को नियुक्त किया गया।

रावटी ब्लॉक उपाध्यक्ष पद पर खेड़ी बजरंगगढ़ के रतन मुनिया, हवसिंह कतीजा देवला सचिव, राकेश चारेल जानकरा उपाध्यक्ष, बजरंगढ के गौतम देवड़ा, हाड़ाखो के कमलसिंह देवड़ा महासचिव, हेमराज बारिया संगठन मंत्री और मनीष गहलोत बिल्डी मीडिया प्रभारी के रूप में चुने गए।

साल भर बाद होने वाले स्थानीय निकाय चुनावों के मद्देनजर भारत आदिवासी पार्टी जिले में कार्यकर्ताओं को जोड़ पार्टी विस्तार कर रही है। हाल ही में बाजना, सरवन, सैलाना और शिवगढ़ में ब्लॉक कार्यकारिणियों का गठन हो चुका है।

विधायक कमलेश्वर डोडियार ने बताया कि जिले के पिपलोदा, रतलाम ग्रामीण और जावरा में भी पार्टी इकाइयां शीघ्र गठित की जाएगी।

### यह रहे मौजूद

रावटी ब्लॉक कार्यकारिणी गठन में विधायक डोडियार, जिलाध्यक्ष रमेश खराडी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष केशुराम निनामा, जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र मैडा, जिला पंचायत सदस्य शरद डोडियार, गौरीशंकर गड़वाल, हीरालाल गणावा, कविता भगोरा, हिंदू मचार सरपंच, राकेश मैडा सरपंच, लाहलिंग देवड़ा, अर्जुन गड़वाल, दशरथ डिंडोर, बाजना उपाध्यक्ष रामा दामा, पूनम डामोर, सरवन ब्लॉक अध्यक्ष कालूसिंह डोडियार, बाजना ब्लॉक अध्यक्ष प्रभु चारेल, ईश्वर डोडियार, राकेश मैडा, दुलेसिंह कटारा, कालू देवड़ा, प्रभुदयाल निनामा, राहुल सिंगाड़, बापू चरपोटा, कालू पारगी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ई-टोकन प्रणाली से खाद न बेचने वाले 5 विक्रेताओं को नोटिस

**रतलाम।** जिले में भी राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों के पालन में 1 अप्रैल से ई-विकास (ई-टोकन) उर्वरक प्रणाली के तहत ही शतप्रतिशत उर्वरक वितरण करने के निर्देश सभी खाद विक्रेताओं को दिए गए हैं। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने ई-टोकन प्रणाली के तहत उर्वरक वितरित न करने वाले विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस कड़ी में रविवार को बिना ई टोकन के उर्वरक विक्रय का4ने पर निजी उर्वरक विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। उप संचालक किसान कल्याण व कृषि विकास आर के सिंह ने बताया कि अप्सा ट्रेडर्स रतलाम, धर्मचंद पंकज कुमार जावरा, आई एफ एफ डी सी केएसके ढोढर, न्यू शिव शक्ति केएसके सुखेड़ा पिपलौदा, विश्वकर्मा ट्रेडर्स रतलाम फर्म के विक्रेताओं ने रविवार को बिना ई-टोकन के खाद बेचा है, उनके खिलाफ कार्रवाई के लिये नोटिस जारी किए गए हैं। कारण बताओ नोटिस के जवाब संतोषजनक न पाए जाने पर इन निजी खाद विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

## नाबालिग ने नीम के पेड़ से लटककर दी जान

**रतलाम।** जिले के बाजना थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम रुपारेल में मंगलवार को एक 17 वर्षीय नाबालिग द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। युवक ने अपने घर के पिछले हिस्से में स्थित नीम के पेड़ पर फंदा डालकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान दलसिंह (17), पिता तोलिया मईडा, निवासी रुपारेल के रूप में हुई है। परिजनों ने जब दलसिंह का शव घर के पीछे नीम के पेड़ पर लटका देखा, तो क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना तुरंत बाजना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही एएसआई योगेश निनामा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना करने के बाद शव को फंदे से नीचे उतारा और अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने मौके पर पंचनामा की औपचारिकताएं पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए बाजना स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। बाजना थाना एएसआई योगेश निनामा ने बताया कि 'प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।' फिलहाल नाबालिग ने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया, इसका खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है ताकि घटना के पीछे की असली वजह सामने आ सके। इस घटना के बाद से गांव में मातम पसरा हुआ है।

## भैसाना सरपंच को नोटिस, मांगा जवाब

**रतलाम।** ग्राम पंचायत भैसाना की सरपंच पूजा पासी द्वारा ग्राम पंचायत भैसाना की शासकीय भूमि को अनाधिकृत रूप से पट्टे पर वितरित किये जाने एवं इसके बदले रिश्वत की मांग की जाने पर सरपंच के विरुद्ध लोकायुक्त संगठन उज्जैन में आपराधिक प्रकरण विचाराधीन है।

उक्त कृत्य पदीय दायित्वों के विरुद्ध होकर घोर लापरवाही को परिलक्षित करता है। मामले को संज्ञान में लेते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रतलाम सुश्री वैशाली जैन द्वारा ग्राम पंचायत भैसाना की सरपंच पूजा पासी को म.प्र. पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 40 के तहत कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर तीन दिवस के भीतर प्रमाण सहित समक्ष मे उपस्थित होकर स्पष्टीकरण मांगा है। निर्धारित समय सीमा में जवाब प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

## रिंगनोद सेक्टर में जल मन्दिर का हुआ शुभारंभ

**जावरा।** जन अभियान परिषद की नवांकुर समिति अटल ग्राम विकास सामाजिक संगठन द्वारा रिंगनोद सेक्टर में नेतावली फंटे पर जल मन्दिर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक युवराज सिंह पंवार, अध्यक्ष अभय कोठारी ,परामर्शदाता अंकित ठाकुर, भूपेन्द्रसिंह भाटी, दिपक त्रिवेदी सहित अन्य सदस्य और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## संगठन मजबूत करने पर जोर, कार्यकर्ताओं को मिला वैचारिक और तकनीकी प्रशिक्षण



**नवभारत न्यूज**

**नामली।** भारतीय जनता पार्टी नामली मंडल द्वारा राष्ट्रीय स्तर के निदेर्शानुसार दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर नीलखंड धाम घटवास गौशाला में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण में उपस्थित कार्यकर्ताओं को पार्टी का इतिहास एवं विकास, वैचारिक अधिष्ठान, सोशल मीडिया, हमारी कार्य पद्धति, प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहितैषी योजनाएं, बूथ प्रबंधन मन की बात, कार्य विस्तार की दृष्टि, केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं सहित अन्य विषयों पर प्रशिक्षित किया गया ।

प्रशिक्षण शिविर में मुख्य व्यक्ता के रूप में संभाग प्रभारी सुरेश आर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, महामंत्री महेश सोनी, जयवंत कोठारी, जिला उपाध्यक्ष क्रांति जोशी, अनीता कटारिया, पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा, वरिष्ठ नेता हरिराम शाह, मनोहर पोरवाल द्वारा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्ष भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश जाट, पूर्व सांसद प्रतिनिधि बाबूलाल कर्णधार, पूर्व मंडल अध्यक्ष मदनलाल परमार, दिनेश धाकड़, जगदीश चौहान, सरपंच गजेन्द्रसिंह तंवर, गोरधनलाल पांचाल द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री अजय जोगचंद ने किया व उपस्थित कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधि, मंडल पदाधिकारियों, बूथ अध्यक्ष का तेजेंद्र सिंह शक्तावत ने आभार व्यक्त किया ।



## वर्षीतप पारणा का लिया लाभ, अनुमोदना की

जावरा ।जैन दर्शन में प्रारंभ से ही तप का सर्वोपरि महत्व रहा है और वर्षीतप जैसी कठिन तपस्या आत्मकल्याण का महान साधन है, जो अन्य कहीं देखने को नहीं मिलती।

उक्त विचार जैन सोशल ग्रुप मेन अध्यक्ष अशोक चोपड़ा ने जैन पंचायती नोहरा, पिपली बाजार में चल रहे वर्षीतप के तपस्वियों के पारणा अनुमोदना कार्यक्रम में व्यक्त किए। विवेक कुमार, विपिन कुमार चौरडिया परिवार ने माता स्व. स्नेहलता चौरडिया के जन्मदिन के अवसर पर वर्षीतप के तपस्वियों के पारणे का लाभ लिया और तप की अनुमोदना की।

इस अवसर पर दिनेश पोखरना, सुनील चंडालिया, संदीप चंडालिया, ईशा चौरडिया, नेहा चौरडिया, अर्चना चोपड़ा, सुनीता पोखरना, अरुणा चंडालिया, प्रयास चौरडिया, नव्य चौरडिया आदि ने वर्षीतप के तपस्वियों के तप की अनुमोदना की।

## नाले चोक से बदबू व गंदगी फैल रही, सीएमओ बोले- मेट व दरोगा की लेगे बैठक

**जावरा।** शहरभर में बड़े नालों की सफाई नहीं हो रही ही, नाले चोक होने से बदबू व गंदगी फैल रही है। बारिश के दिनों में समस्या बढ़ जाएगी। कुछ वार्डों में कर्मचारियों की कमी से भी दिक्कत है। सफाई व्यवस्था बाजार में भी चरमराई हुई है। इससे दिनभर कचरा रोड पर ही पड़ा रहता है। यह आरोप लगाते हुए भाजपा पार्षद अनिल मोदी ने सीएमओ को पत्र लिखकर शहर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है। पत्र में पार्षद मोदी ने बताया कि मेरे वार्ड में भी ऐसे ही हालात हैं। पिपली बाजार सहित शहर में कई जगह दिनभर कचरा पड़ा रहता है कीटनाशक छिड़काव नहीं होने से भी मच्छरों की समस्या बढ़ गई है। इधर, नगर पालिका के नवागत




सीएमओ चंद्रशेखर सोनिस से भाजपा पार्षदों के साथ पार्षद प्रतिनिधियों ने मुलाकात की। मंगलवार दोपहर सीएमओ सोनिस के ऑफिस में विपक्षी पार्षद रजत सोनी, शिवेन्द्र माथुर व पार्षद प्रतिनिधि दशरथ कसानिया, आरडी धाकड, सोनू अहेरिया ने उनसे भेंटकर अपने-अपने वार्डों की विभिन्न जनसमस्याओं लेकर चर्चा की। इस दौरान खासकर उन्होंने सफाई व्यवस्था का मुद्दा उठाया। साफ-सफाई के मामले में उन्होंने सीएमओ को बताया कि हमारे वार्डों की नालियों की कई दिनों तक सुध नहीं ली जाती है। सफाई के अभाव में जगह-जगह कूडे करकट के ढेर लगे देखे जा सकते हैं। कुछ क्षेत्रों में कचरा गाडियां नहीं पहुंचती है। इस कारण रहवासियों को बडी परेशानी होती है। इस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी सोनिस ने उन्हें आश्वस्त किया कि इस बारे में जल्द ही क्षेत्र के मेट व दरोगा की बैठक लेकर उनको निर्देशित किया जाएगा। विपक्षी पार्षदों, प्रतिनिधियों ने उनके वार्डों में अधूरे पडे विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने और स्वीकृत निर्माण एवं विकास कार्य अविलंब प्रारंभ करने की मांग भी की। मामले में भी सीएमओ ने उन्हें संतोषजनक जवाब दिया।